CS (MAIN) Exam : 2017

वियोज्य DETACHABLE

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

# SOCIOLOGY (Paper I)

| | |
|---|---|
| *समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

**दो खंडों** में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



SOCIOLOGY BY PRANAY AGGARWAL www.iasgurukul.com FOR ADMISSIONS OR GUIDANCE
BEST SOCIOLOGY FACULTY REGISTER Call 9999693744 | 9310436695

## खण्ड 'A'    SECTION 'A'

1.(a) स्पष्ट कीजिए कि समाजशास्त्र किस प्रकार से तर्कबुद्धिवाद व वैज्ञानिक मिज़ाज पर आधारित एक सुस्पष्ट विषय के रूप में उभर कर आया है।

Explain how sociology has emerged as a distinct discipline based on rationality and scientific temper. 10

1.(b) प्रत्यक्षवाद की मीमांसा के रूप में नृजातिप्रणाली वैज्ञानिक और घटनावैज्ञानिक परिप्रेक्ष्यों का परीक्षण कीजिए।

Examine ethnomethodological and phenomenological perspectives as critique of positivism. 10

1.(c) समाजशास्त्रीय अनुसंधान में चरों (वेरिएबल्स) के महत्व को, उदाहरण सहित, समझायें।

Illustrate with example the significance of variables in sociological research. 10

1.(d) टैलकोट पार्सन्स के 'पैटर्न चरों' की संकल्पना का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyse Talcott Parsons' conception of 'Pattern Variables'. 10

1.(e) क्या हम 'गरीबी' को 'गरीब जीवन-निर्वाह' के बराबर मान सकते हैं ? अपना विस्तृत उत्तर दीजिए।

Can we equate 'poverty' with 'poor living' ? Elaborate your answer. 10

2.(a) समाजशास्त्र विषय के अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ बदलते हुए समीकरणों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the changing equations of discipline of sociology with other social sciences. 20

2.(b) प्रत्यक्षवाद और उत्तर-प्रत्यक्षवाद के आधारिक अभ्युपगमों का परीक्षण कीजिए।

Examine the basic postulates of positivism and post-positivism. 20

2.(c) समाजशास्त्र में व्याख्यात्मक परिप्रेक्ष्य के मुख्य सिद्धान्तों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

Elaborate the main tenets of interpretative perspective in sociology. 10

3.(a) इमाईल दुर्खीम के द्वारा 'आत्महत्या' के अपने अध्ययन में अपनाई गई सुस्पष्ट समाजशास्त्रीय विधि की चर्चा कीजिए।

Discuss distinct sociological method adopted by Emile Durkheim in his study of 'suicide'. 20

3.(b) हेगेलीय द्वंद्वात्मक पद्धति की मीमांसा के रूप में ऐतिहासिक भौतिकवाद की मार्क्सवादी संकल्पना का विश्लेषण कीजिए।

Analyse Marxian conception of historical materialism as a critique of Hegelian dialectics. 20



SOCIOLOGY BY PRANAY AGGARWAL www.iasgurukul.com FOR ADMISSIONS OR GUIDANCE
BEST SOCIOLOGY FACULTY REGISTER Call 9999693744 | 9310436695

3.(c) सामाजिक अनुसंधान की गुणात्मक विधियों के ज्ञानमीमांसीय आधारों का परीक्षण कीजिए।

Examine epistemological foundations of qualitative methods of social research. 10

4.(a) सामाजिक स्तरीकरण के मार्क्सवादी अभिप्राय की वेबरीय समालोचना क्या है ?

What is Weberian critique of Marxist notion of social stratification ? 20

4.(b) सामाजिक स्तरीकरण के मुख्य आयामों के रूप में लिंग, नृजातीयता और प्रजाति (रेस) का परीक्षण कीजिए।

Examine gender, ethnicity and race as major dimensions of social stratification. 20

4.(c) असमता पर समाजशास्त्रीय अनुसंधान के संदर्भ में, विश्वसनीयता और प्रामाण्यता की समस्या को हम किस प्रकार से हल कर सकते हैं ?

How can one resolve the issue of reliability and validity in the context of sociological research on inequality ? 10

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5.(a) 'मजदूरों के अनौपचारीकरण' से आप क्या समझते हैं ? भारत के विशेष संदर्भ में, अपना उत्तर लिखिए।

What do you understand by 'informalisation of labour' ? Write your answer with special reference to India. 10

5.(b) आज़ादी के बाद के भारत में राज्य और नागरिक समाज के बीच बदलते हुए आमना-सामना (इंटरफेस) पर चर्चा कीजिए।

Discuss the changing interface between state and civil society in post-independent India. 10

5.(c) धर्म के समाजशास्त्र में, 'पवित्र' और 'लौकिक' के दुर्खेमीय अभिप्राय का एक आकलन प्रस्तुत कीजिए।

Give an assessment of Durkheimian notion of 'sacred' and 'profane' in sociology of religion. 10

5.(d) समकालीन भारत में लिंग पर आधारित श्रमविभाजन के रूप में 'पितृतंत्रात्मक सौदाकारी' का परीक्षण कीजिए।

Examine 'patriarchal bargain' as gendered division of work in contemporary India. 10

5.(e) सामाजिक परिवर्तन के एक अभिकर्ता के रूप में, जनसंपर्कमाध्यम (मास मीडिया) की भूमिका का आकलन कीजिए।

Assess the role of mass media as an agent of social change. 10



SOCIOLOGY BY PRANAY AGGARWAL www.iasgurukul.com FOR ADMISSIONS OR GUIDANCE
BEST SOCIOLOGY FACULTY REGISTER Call 9999693744 | 9310436695

**6.**(a) पूंजीवादी समाज में, गत वर्षों में श्रम के संगठन की परिवर्तनशील प्रकृति की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

Trace the changing nature of organisation of work in capitalist society over the years. 20

**6.**(b) 'नव सामाजिक आंदोलनों' में नया क्या है ? भारत के विशेष संदर्भ में, इसके उत्तर को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

What is new in 'new social movements'? Elaborate your answer with special reference to India. 20

**6.**(c) बहुदलीय राजनीतिक प्रणाली में, दबाव गुटों की गत्यात्मकता की जांच कीजिए।

Examine the dynamics of pressure groups in multi-party political system. 10

**7.**(a) विवाह में समकालीन प्रवृत्तियों व परिवार के बदलते रूपों के बीच सम्बंध का परीक्षण कीजिए।

Examine the relationship between the contemporary trends in marriage and changing forms of family. 20

**7.**(b) भारतीय समाज में, नातेदारी प्रणाली की प्रादेशिक भिन्नताओं पर चर्चा कीजिए।

Discuss the regional variations of kinship system in Indian society. 20

**7.**(c) वर्तमान संदर्भ में, धर्म-निरपेक्षता की संकल्पना में समस्याओं का विश्लेषण कीजिए।

Problematise the concept of secularism in the present context. 10

**8.**(a) सामाजिक परिवर्तन की किन्हीं दो थियोरियों का विस्तारपूर्वक परीक्षण कीजिए।

Examine any two theories of social change in detail. 20

**8.**(b) सामाजिक परिवर्तन को उत्पन्न करने में विज्ञान व प्रौद्योगिकी की भूमिका का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyse the role of science and technology in bringing about social change. 20

**8.**(c) भारतीय समाज में प्रचलित विभिन्न प्रकारों की धार्मिक रीतियों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

Elaborate on various types of religious practices prevalent in Indian society. 10

---


SOCIOLOGY BY PRANAY AGGARWAL www.iasgurukul.com FOR ADMISSIONS OR GUIDANCE
BEST SOCIOLOGY FACULTY REGISTER Call 9999693744 | 9310436695